भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1628

08 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

ऑटोकास्ट लिमिटेड

1628. एडवोकेट ए.एम. आरिफ:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि केरल सरकार की ऑटोकास्ट लिमिटेड कंपनी भारी औद्योगिक यूनिटों में प्रयुक्त होने वाला ग्रे आयरन, डक्टाइल आयरन और स्टील कास्टिंग का उत्पादन करती है और यदि हाँ, तो क्या केन्द्र सरकार बीईएमएल कोचिन शिपयार्ड आदि जैसी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की यूनिटों द्वारा ऑटोकास्ट लिमिटेड से इस प्रकार की कास्टिंग की खरीद की संभावनाओं का पता लगाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या केन्द्र सरकार केरल सरकार के नियंत्रणाधीन स्टील एंड इंडस्ट्रियल फोर्जिंग के लिए कच्चे माल की आपूर्ति प्रक्रिया को भारतीय इस्पात प्राधिकरण द्वारा सुगम बनाने पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): चूंकि इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है, इसलिए सभी वाणिज्यिक निर्णय अलग-अलग कंपनियों द्वारा वाणिज्यिक पहलुओं और बाजार की गतिविधियों के दृष्टिगत लिए जाते हैं। तथापि, सुविधाप्रदाता के रूप में अपनी भूमिका में, सरकार ने स्वदेशी रूप से विनिर्मित लौह और इस्पात उत्पाद खरीद (डीएमआई एंड एसपी) नीति की घोषणा की है, जिसमें सरकारी खरीद में सार्वजनिक तथा निजी, दोनों क्षेत्रों के स्वदेशी रूप से विनिर्मित इस्पात उत्पादों को वरीयता दिए जाने का प्रावधान है, इसमें बीईएमएल, बीएचईएल, कोचिन शिपयार्ड इत्यादि शामिल हैं।

****